Official Bulletin of

Rotary Calcutta Mahanagar

RI District: 3291 | Club No. 27735

Mahanagar

Date: 15th September, 2023

VOLUME No.XXXIII ISSUE No. 05

CREATE HOPE in the WORLD

BASIC EDUCATION AND LITERACY MONTH

SEPTEMBER

RI President: Gordan R McInally
District Governor: Hira Lal Yadav

President: Jyoti Mahipal
Secretary: Ritu Choudhury

Editor: Usha Agarwal
E-mail : rccmusha@gmail.com

आगामी क्लब कार्यक्रम:

18 सितम्बर - दोपहर 12 बजे नेत्र चिकित्सालय में विश्वकर्मा पूजा

17 सितम्बर - खाद्य बैंक से वितरण- विवेकानन्द पार्क

अगली रोटरी साप्ताहिक बैठक:

22 सितम्बर

हिंदी दिवस - "एक अहसास"

हिंदी हमारी मातृ भाषा है और आज के दिन हम सभी इसके सम्मान हेतु **हिंदी दिवस** का उत्सव मानते है, इसका अभिनन्दन करते है। हिंदी केवल एक भाषा मात्र नहीं है , बल्कि भारत के मस्तक पर रखा वह मुकुट समान है, जो इसकी गरिमा और सुंदरता का बखान करता है।

१४ सितम्बर १९४९ को, जब आजाद भारत के संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि, **हिंदी** ही भारत कि राज भाषा होगी और तब से प्रत्येक वर्ष **१४ सितम्बर** को **हिंदी दिवस** के रूप में मनाया जाता है। हिंदी भाषा कि अलग अलग विविधताएं है। अलग अलग तरह के भावों को व्यक्त करने की शक्ति जो हिंदी भाषा में है, वह अन्य किसी भाषा में नहीं । हिंदी भाषा की खूबसूरती को अलग अलग लेखकों ने, कवियों ने, साहित्यकरों ने, अपने अपने अनुसार व्यक्त किया है। उदहारण स्वरुप , **श्री राम धरी सिंह दिनकर** जी ने हिंदी भाषा के गौरव का परिचय "**रश्मिरथी** " नामक काव्य-संग्रह में इस प्रकार दिया।

" कृष्ण की चेतावनी "

वर्षों तक वन में घूम घूम, बाधा- विघ्नों को चूम-चूम,
सह धुप-घाम, पानी-पत्थर, पांडव आये कुछ और निखर।
सौभाग्य न हर दिन सोता है, देखे आगे क्या होता है।
मैत्री की राह बताने को, सबको सुमार्ग पर लाने को,
दुर्योधन को समझाने को, भीषण विध्वंश बचाने को,
भगवान् हस्तिनापुर आये, पांडव का संदेशा लाये।

राष्ट्र कवि **श्री मैथिली शरण गुप्त जी** ने तो **मनुष्यता** की
परिभाषा इस प्रकार हिंदी में देकर,
हिंदी भाषा और **हिंदी दिवस** दोनों को अमर बना दिया है। ।
विचार लो कि म्रत्य हो, न मृत्यु से डरो कभी,
मरो परन्तु यों मरो कि याद जो करे सभी।
हुई न यों सु-मृत्यु तो, वृथा मरे, वृथा जिए,
नहीं वही कि जो, जिया न आपके लिए।
यही पशु प्रवृत्ति है कि, आप आप ही चरे,
वहीं मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।।

-आरटीएन आनंद सुरेका

मुख्य सूची

हिंदी दिवस - "एक अहसास" | आज की वक्ता | पिछली रोटरी साप्ताहिक बैठक | महानगर की परियोजनाएं
कुछ बेहतरीन प्रतिभाएँ | पहेली | कार्यावृत | बधाई हो!

आज की वक्ता

डॉ. राजश्री शुक्ला,

डॉ. राजश्री शुक्ला, प्रोफेसर, हिंदी विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, अपने अल्मा मेटर में हिंदी में आधुनिक कविता के साथ-साथ हिंदी साहित्य भी पढ़ाती हैं। वह स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल की गौरवान्वित प्राप्तकर्ता रही हैं। वह एक लेखिका, आलोचक और अनुवादक हैं और उनके लेख, कविताएँ, लघु कथाएँ और अनुवाद भारत और विदेशों में प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। उनकी प्रकाशित पुस्तकों में **"शमशेर और शमशेर की बात"**, **"तुलनात्मक साहित्य: व्यवहारिक परिदृश्य"**, **"साहित्य चिंतन: विविध आयाम"** शामिल हैं। डॉ. शुक्ला एक उत्कृष्ट वक्ता भी हैं, और नियमित रूप से विभिन्न टॉक शो, सेमिनार आदि में दिखाई देती हैं।

पिछली रोटरी साप्ताहिक बैठक

8 सितंबर को रोटरी साप्ताहिक बैठक एचएचआई स्थित रीजेंसी हॉल में थी। बैठक और अभिवादन और राष्ट्रगान के बाद सदस्य शांत हो गए। क्लब व्यवसाय के बाद, पीआरआईपी शेखर मेहता द्वारा दिन की वक्ता सुश्री मुक्ति गुप्ता। हालाँकि मुक्ति, पारिवारिक व्यवसाय देखती हैं, लेकिन उन्हें समाज के हाशिये पर पड़े वर्ग की सेवा करने का सबसे अधिक शौक है। उन्होंने गुजरात भूकंप और 2001 सुनामी के दौरान अपने काम के बारे में थोड़ी बात की, साथ ही उनके द्वारा की गई सेवा पहल - 'हेल्प अस हेल्प देम' और 'स्कूल ऑन व्हील्स' के बारे में भी बात की।

जब उन्होंने अपने नवीनतम प्रोजेक्ट - अधिगम भूमि - अपनी मिट्टी से जुड़ी शिक्षा का विवरण साझा किया तो सदस्य मंत्रमुग्ध हो गए। यह एक हजार आदिवासी लड़कियों के लिए आवासीय विद्यालय बनाने की परियोजना है, जहां शिक्षा, आवास आदि पूरी तरह से मुफ्त होगा। यह पाठ्यक्रम देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद् द्वारा बनाया गया है, जिसका उद्देश्य छात्रों को अपने गाँव वापस जाने पर आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना है। लक्ष्य गांवों का विकास करना है, जहां निवर्तमान छात्र अपने द्वारा सीखे गए कौशल सिखा सकें। इस तरह, ग्रामीण अपनी आजीविका कमाने के लिए शहर जाने के बजाय, इसे अपने घरों में ही कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में आयुर्वेद के साथ-साथ गांवों में आवश्यक वास्तुकला को भी शामिल किया जाएगा। लड़कियों को बैंकिंग और उद्यमशीलता कौशल की मूल बातें सिखाई जाएंगी।

एक इंटरैक्टिव सत्र भी था, जहां सदस्यों ने परियोजना के बारे में अधिक जानकारी मांगी। तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापन अनुराधा अग्रवाल ने किया। मुक्ति गुप्ता का भाषण अत्यंत प्रेरक था। यह एक शाम थी, फलदायी रूप से बीती।

-वीरा जैन

महानगर की परियोजनाएं

"आरोग्य" - स्वास्थ्य जाँच शिविर

रविवार दिनांक १० सितंबर २०२३ को हमने कोलकाता से ११० किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पातिबूनिया (नामख़ाना) में "आरोग्य" - स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। शिविर में १५० ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा अल्पाहार वितरण किया गया, जिसका प्रायोजन आरटीएन जितेंद्र - अंजू सुराना द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त १०० ग्रामवासियों को छातों का वितरण किया गया जिसका प्रायोजन आरटीएन शरद अग्रवाल द्वारा किया गया। रोटरी महानगर की ओर से उन्हें १०० सौर बत्तियाँ भी प्रदान की गई। यह सदस्यों के बीच महान सौहार्द के साथ सेवा का एक महान दिन था। इस परियोजना में क्लब अध्यक्षा सुश्री ज्योति महिपाल, सचिव सुश्री रीता चौधरी व स्वास्थ्य निदेशक श्री महेन्द्र सिंहल सहित १८ सदस्यों ने भाग लिया।

- आरटीएन प्रदीप अग्रवाल

मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM)

9 सितंबर को, हमारे क्लब ने 50 लड़कियों के लिए लोरेटो कॉन्वेंट एंटली रेनबो होम्स में एमएचएम पर एक प्रोजेक्ट आयोजित किया। फूड बैंक से लाभार्थियों को कुकीज़ और किट वितरित करने के लिए आरटीएन सुनीता सिंघल को हार्दिक धन्यवाद।

अन्नदान महादान

प्रोजेक्ट अन्नदान महादान अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

तारीख- 10 सितंबर 2023
स्थान - चितरंजन हॉस्पिटल, हाजरा
प्रत्यक्ष लाभार्थी – 300

तारीख- 10 सितंबर 2023
स्थान- मोमिनपुर
प्रत्यक्ष लाभार्थी – 300

आश्रय किट-(Shelter Kit)

9 सितंबर को, आरटीएन अजय लोढ़ा के कार्यालय - टेंगरा इंडस्ट्रियल एस्टेट में आपदा राहत के लिए भेजे जाने के लिए 8000 प्रत्येक की दर से 100 आश्रय किट पैक किए गए थे। उपस्थित सदस्यों में अध्यक्ष ज्योति महिपाल, आरटीएन अजय लोढ़ा, लाजो लोढ़ा, अनु विधावन, आरटीएन प्रदीप अग्रवाल और आरटीएन कमलेश अग्रवाल शामिल थे।

होम्योपैथी (Homeopathy)



30 अगस्त से 9 सितंबर तक, हमारे होम्योपैथी क्लिनिक में अलग-अलग तारीखों पर 79 मरीज आए और उन्हें मुफ्त दवाएं दी गईं।

ब्लडलाइन (Bloodline)

इस अवधि (17.08.2023 से 06.09.2023) के दौरान हमारे क्लब ने दो ब्लड ग्रुपिंग शिविर आयोजित किए और हमारी ब्लडलाइन के लिए 49 एसओएस दाताओं को पंजीकृत किया।

27 अगस्त, 2023 को "एंटाली हॉकी अकादमी"में पहला शिविर आयोजित किया गया और 18 एसओएस दाताओं ने पंजीकरण कराया।

5 सितम्बर, 2023 को "अलिया विश्वविद्यालय" में दूसरा शिविर आयोजित किया गया और 29 एसओएस दाताओं ने पंजीकरण कराया।

बाल कैंसर (Paediatric Cancer)

बाल कैंसर परियोजना के तहत कैंसर से पीड़ित बच्चों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं ताकि छोटे बच्चे बिना किसी खर्च के ठीक हो जाएं। 12 सितंबर को, अध्यक्ष ज्योति महिपाल, आरटीएन अशोक अग्रवाल, आरटीएन रीता चौधरी और आरटीएन प्रदीप अग्रवाल ने एसएसकेएम अस्पताल का दौरा किया और लाभार्थी बच्चों को बिस्कुट, शिक्षा किट और नोट बुक वितरित कीं।

हमारे सदस्यों की कलम से कुछ बेहतरीन प्रतिभाएँ

पैसा ये पैसा, पैसा ये कैसा!

जीने के लिए रोटी कपड़ा और मकान बहुत ज़रूरी है,
और इन सबको पाने, और परिवार को सुखी रखने के लिए, पैसा बहुत ज़रूरी है।
मैं पैसा कमाने निकला,
परिवार के साथ सुखी समय बिताने के लिए,
पर पैसा कमाने में इतना मशगूल हो गया,
की परिवार के साथ बिताने का समय मिलना मुश्किल हो गया।

मैं पैसा कमाने निकला,
की देश विदेश ही सैर करूंगा,
अब पैसा हाथ में आया,
तो ये सोचने पे मजबूर हूँ,
की देश विदेश घूमने का समय कहाँ से लाऊंगा।

मैं पैसा कमाने निकला,
की पैसा पास में होगा,
तो पैसे से सब काम हो जाएंगे
अब पैसा पास में आने लगा,
तो फिर सोचने में मजबूर हूँ,
पैसा मेरे लिए काम कर रहा है,
या में पैसे के लिए?

मैं पैसा कमाने निकला,
की उसे खर्च करके मौज करूंगा,
पैसा हाथ में आया तो फिर से सोचने लगा,
अभी अगर मौज में पैसा खर्च कर दिया,
तो ख़राब दिनों में काम कैसे चलाऊंगा,
अब समस्या और भी गंभीर हो गयी,
यदि अच्छे दिनों में भी मौज नहीं की,

तो ख़राब दिनों में क्या ही कर पाऊँगा।

पैसा ये पैसा, पैसा ये कैसा!
सोचा जाते जाते एक बात और बता दूँ,
यदि अच्छे दिनों में दान नहीं किया,
तो ख़राब दिनों में क्या ही कर पाओगे।
आज अपना जैसा है,
जी भर जी लो उसे,
कल किसका कैसा होगा,
क्या किसी को भी पता है।

-आरटीएन प्रदीप अग्रवाल

महानगर का महायज्ञ

महानगर के महायज्ञ में,
आहुति सतत चढ़ाने को।
मतवालों ने अविलंब गति से,
ठानी है अलख जगाने को।
जिन के बल घनघोर समस्या,
विवश होती रीत जाने को।
उस पथ के अलबेले राही,
बढ़ते मंज़िल पाने को।
महानगर के महायज्ञ में,
आहुति सतत चढ़ाने को ।

दुनिया हमसे, हम दुनिया से,
मैत्री का पाठ पढ़ाने को।
दुर्बल और सबल मानव के,
जगज़ाहिर भेद मिटाने को।
शिक्षा दीक्षा और समीक्षा,
हर पल सतत दोहराने को।
महानगर के महायज्ञ में,
आहुति सतत चढ़ाने को।
सामाजिक गुढ़ अंधेरों को,
प्रकाशमान कर जाने को।
ह्रदय से हारे बाल शीशू को,
शैल्य शक्ति दिलवाने को।

चक्छु हीन निर्बल मानव को,
ज्योतिमान कर जाने को।
महानगर के महायज्ञ में,
आहुति सतत चढ़ाने को।
पेड़ लगाओ और बचाओ,
प्रकृति सार बतलाने को।
शोचालय की अहम समस्या,
निर्मूल से सदा मिटाने को।
पोस्टीक भोजन और पेयजल,
जन जन को सुलभ करने को।
महानगर के महायज्ञ में,
आहुति सतत चढ़ाने को।
शेखर निशित और राजेंद्र,

अजय आनंद पाने को।
रामपाल सतीश प्रदीप की
महेश सतीश पथ जाने को।
हर्केश विक्रम राकेश सहित
संजय चित्रा हर्षाने को ।
दीपक प्रणय मनीष सी
अशोक ज्योति जलाने को।
महानगर के महायज्ञ में,
आहुति सतत चढ़ाने को।

- आरटीएन संजय दुगर

उत्सव की उमंग

वह व्यक्ति बड़ा हताश हुआ बैठा था,
निराशा मुख पर छाई थी।
"हर्ष मनाने का अवसर ही कहाँ मिला,
त्यौहार ही कब आई थी।"
मैं हर्ष से घूमता हूँ, मैं हर्ष से झूमता हूँ,
यह मेरी कहानी है, मैं हर्ष से लिखता हूँ।
मैं खुशियाँ मनाने, उत्सव की प्रतीक्षा क्यों करता फिरूँ,
पुलकित होने, मैं खुद उत्सव बनाता हूँ।
निराशा ही संसार है, निराशा ही यह जग है,
निराशा की ओर ही बढ़ता, मेरा हर पग है।
मुझे नहीं पता कि यह संसार की क्या रीत है,
मुझे ठोकर मारकर पीछे करना, इसकी परं प्रीत है।

जीवन का दुख क्या होता है, ज्ञात नहीं,
यह मनुष्य का जीवन है, कोई और जात नहीं।
मैं यह कैसे मान लूँ, कि तुम दुखी हो,
जब यह तुम्हारे ही हाथ में है, कि तुम सुखी रहो।
कहना सरल है, करना कठिन,
मैं तो इस राह में केवल हूँ एक पथिक।
ज़िन्दगी कोई पारस नहीं है, यह कोई रत्न नहीं है,
यह बोझ केवल काला कोयला है, मुख पर।
कोयला से ही हीरा निकलता है,
केवल उस दृष्टि की आवश्यकता है।
दृष्टिकोण बदलने से तो संसार बदल जाता है,
बस अन्तरमन की आँखों को खोलने की बात है।
तुम खुश हो सकते हो, तुम खुशियाँ बाँट सकते हो,
तुम संतुष्ट हो अपने जीवन से, यह बात तुम समझ लो।
मैं उत्सव की ही राह देखता हूँ उमंगित होने,
क्योंकि उत्सव ही चिंता भूलने की क्षमता देती है,
उत्सव ही संतुष्टि व्यक्त करने का सामर्थ्य देती है।
यहीं है इस बोझ को उठाने वाले की उत्सव की उमंग।
सामर्थ्य तो सब में है, इस बात की कोई दोहराई नहीं,
मैं खुश हूँ क्योंकि मैं चाहता हूँ, इस बात की कोई गवाही नहीं।
मैं जीत हूँ, उमंगित होता हूँ, क्योंकि मैं हर दिन को उत्सव बनाने
की क्षमता रखता हूँ,
मैं खुद को समझ पाता हूँ, दर्पण की छवि को समझ पाता हूँ।
सुख के लिए संतुष्टि नहीं, केवल खुला आसमान चाहिए,
मेरे उड़ने वाले पंख, यहीं मेरे उत्सव की उमंग है।

- रुद्राक्षी दास(दृष्टि)

(आरटीएन रूपलेखा सिंह की बेटी)

मैं भी एक इंसान हूँ-चिकित्सक



मुझे सम्पूर्ण समझना
इतना आसान नहीं
हर कोई समझ पाए
मैं वो खुली किताब नहीं
अगर समझना है तो
कर्मझेत्र में मुझे परखियेगा
हाँ जो में अंदर हू
शायद दिखता सरे आम नहीं
किसी के कष्ट को कुछ
हद हल्का ही कर सकूँ
किसी की मुस्कराहट
का कारण बन सकूँ
किसी का सुहाग बना रहे
उसका मददगार बन सकूँ

एक माता-पिता की,बच्चे की
हंसी को क़ायम रख सकूँ
मैं हूँ कौन? कौन हूँ मैं
हाँ एक चिकित्सक ही हूँ
शिक्षा,दझता,प्रतिबद्धता
समर्पण से भरा इंसान हूँ
कोई चमत्कार नहीं आता
न ही कोई सर्वशक्तिमान हूँ
पीड़ा मुक्त आपकी मुस्कराहट
मेरी प्रेरणा, मेरा ईनाम है
आपका भरोसा,विश्वास
मेरे जोश का करता काम है
उपरवाले की मदद का
सबसे ज़्यादा हक़दार हूँ
आप अपना कर्तव्य निभाऐं
आपके सहयोग का आधार हूँ
रुग्ण पीड़ित को आराम दिलाना
कोई एहसान व उपकार नहीं
आपकी तबियत हँसी खिलती रहे
आपसे हमारी नेकनामी होती रहे

-डॉ राम पाल विधावन

पहेली – 5

ज्योति और रितु ने एक दूसरे के खिलाफ टेनिस खेलने का फैसला किया। उन्होंने खेले गए प्रत्येक गेम पर 100 रुपए का दांव लगाया। ज्योति ने तीन दांव जीते और रितु ने 500 रुपए जीते।

उन्होंने कितने खेल खेले?

पहेली नम्बर 4 का हल



उत्तर: 51

स्पष्टीकरण:

दिए गए चित्र में वर्गों की संख्या है

16 + 9 + 19 + 1 + 2 + 4 = 51.

भाग लेने वाले सदस्य हैं: सविता कोठारी, करिश्मा जालान, सीमा सोंथालिया, निखिता शाह, रूपलेखा सिंह, मनीष बियानी, नीलम जालान, अनुराधा अग्रवाल, स्वेता चौधरी, संदीप बागरेचा, ज्योति महिपाल, लाजो लोढ़ा, मोना अजितसरिया, नीना अग्रवाल, पुष्पा बंसल , प्रदीप अग्रवाल, और सरिता बोथरा

और विजेता हैं:

1.सविता कोठारी

2. करिश्मा जालान

8 सितंबर, 2023 को होटल हिंदुस्तान इंटरनेशनल में आयोजित रोटरी क्लब ऑफ कलकत्ता महानगर की 1349वीं साप्ताहिक बैठक का विवरण।

- अध्यक्ष ज्योति महिपाल ने आदेशानुसार साप्ताहिक बैठक बुलाई।
- राष्ट्रगान का नेतृत्व आरटीएन मोनोलिना दत्ता ने किया और सभी ने प्रस्तुत किया।
- अंतिम साप्ताहिक बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि आरटीएन विनोद महिपाल ने की।
- अध्यक्ष ने पीआरआईपी शेखर मेहता और अतिथि वक्ता मुक्ति गुप्ता का स्वागत किया।
- अध्यक्ष ने सदस्यों को पिछले सप्ताह हुई विभिन्न परियोजनाओं और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।
- अध्यक्ष ने सदस्यों को परियोजना के बारे में जानकारी देने के लिए उड़ान समिति की अध्यक्ष आरटीएन उषा को आमंत्रित किया।
- साक्षरता दिवस मनाने के लिए राष्ट्रपति ने उम्मीद फाउंडेशन की सलोनी प्रिया द्वारा "कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम" और "मेरी किताब" नाम से 2 नई परियोजनाएं शुरू कीं, जिसमें हम जरूरतमंद छात्रों को कम से कम 5000 अभ्यास पुस्तकें वितरित करेंगे।
- अध्यक्ष ने सदस्यों को 16 से 21 दिसंबर 2023 तक कच्छ के रण की आगामी यात्रा के बारे में सूचित किया।
- अध्यक्ष ने धन जुटाने के कार्यक्रम "संदुक" के बारे में जानकारी दी, जिसे हम 29 और 30 अक्टूबर 2023 को आइस स्केटिंग रिंक में आयोजित कर रहे हैं।
- अध्यक्ष ने पीआरआईपी शेखर मेहता से सदस्यों को नवंबर 2023 में होने वाले एक अन्य फंड-जुटाने वाले कार्यक्रम "गोल्फ टूर्नामेंट" के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया।
- पीआरआईपी शेखर मेहता ने अतिथि वक्ता मुक्ति गुप्ता का परिचय कराया।
- अतिथि वक्ता मुक्ति गुप्ता, जो 2001 से "उन्हें मदद करने में मदद करें" का नेतृत्व कर रही हैं, ने साक्षरता और 1000 ग्रामीण लड़कियों के लिए मुफ्त आवासीय विद्यालयों के अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की।
- आरटीएन अनुराधा अग्रवाल ने अतिथि वक्ता को धन्यवाद ज्ञापित किया।
- पीआरआईपी शेखर मेहता ने अतिथि वक्ता मुक्ति गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया।
- क्लब बिजनेस का संचालन अध्यक्ष ज्योति महिपाल ने किया।

जन्मदिन की शुभकामनाएँ

सरोज शाह	19 सितंबर
गीता मेहरा	19 सितंबर
वैशाली पारेख	20 सितंबर
आरटीएन डॉ.करण सहगल	21 सितंबर
आरटीएन सुरेंद्र जैन	23 सितंबर
निशा पाडिया	23 सितंबर
आरटीएन हुलास टोडी	24 सितंबर
आरटीएन ज्योति महिपाल	25 सितंबर
आरटीएन अनुराधा अग्रवाल	25 सितंबर
आरटीएन भारती बांगुर	25 सितंबर
आरटीएन प्रणय अग्रवाल	27 सितंबर
आरटीएन आनंद सुरेका	28 सितंबर

बधाई हो !!

- **दीपक-रितु चौधरी के पुत्र प्रणव चौधरी को नलसार हैदराबाद में सर्वश्रेष्ठ नौसिखिया वक्ता का पुरस्कार मिला। प्रणव और गौरवान्वित माता-पिता को बधाई।**
- **26 अगस्त को, आरटीएन ओम प्रकाश झाझरिया को कॉनराड दुबई ट्रेड सेंटर, दुबई में प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता-भारत के क्षेत्र में “मदर टेरेसा इंटरनेशनल अवार्ड” से सम्मानित किया गया। बधाई हो!!**

शादी की सालगिरह की शुभकामनाएँ

आरटीएन निपा और उदय वीर गांधी

24 सितंबर

AUSTIN® PLYWOOD
www.austinplywood.com

KAYBEE
INDUSTRIAL ALLOYS PVT. LTD.

Affinity
Your Vision
Our Commitment

SHREEJEE
SHREEJEE JEWELLERS PVT.LTD.
103, Park Street, 4th Floor, Kolkata - 700 016
Tel. : 91-33 2265 6406/6417, Fax : 91-33 2226 2397
E-mail : shreejeejewellerscal@gmail.com
info@shreejeejewellers.com

NEXA
Bhandari Automobile Pvt .Ltd
23,Chetla Central Road
Kolkata-700027
www.nexaexperience.com

VANAM by SBS
VANAM BY SBS
(PROP. : S. S. SAREES PVT. LTD.)
107/1, Park Street, 2nd Floor, Kolkata - 700 016
P : 4004 8114, Whatsapp : 6290118273
E-mail : vanambysbs@gmail.com
GSTIN : 19AAGCS8060H1Z1